## खुदी सड़कें, रास्ते बंद, जलभराव, नपा पहुंचे वार्डवासी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 30 जून।** शहर के वार्ड क्रमांक 11 और 1 में लंबे समय से चली आ रही सड़क, जल निकासी और रास्ते की समस्या को लेकर मंगलवार को रहवासी नगर पालिका पहुंचे। लोगों ने सीएमओ वीरेंद्र रावत को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की।

> **दो वार्डों के लोगों ने सीएमओ को दिया ज्ञापन, 7 दिन में समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी**



वार्ड-11 के लोगों ने बताया कि नल-जल योजना के लिए दो साल पहले खोदी गई सड़क आज तक नहीं सुधारी गई। पाइपलाइन का काम भी अधूरा पड़ा है, जिससे बदहाल सड़क परेशानी का कारण बनी हुई है। इधर वार्ड-1 के रहवासियों ने ज्ञापन देकर बताया कि ब्रॉडगेज रेलवे लाइन बनने के बाद आम रास्ते की समस्या खड़ी हो गई है।


जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बारिश में हालात और बिगड़ सकते हैं। रहवासियों ने चेतावनी दी कि सात दिन में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## नाले पर कब्जे से जलभराव, ग्रामीण पहुंचे एसडीएम दफ्तर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 30 जून।** ग्राम पंचायत बुरावली के मानपुर बल्ला गांव में जल निकासी का रास्ता बंद होने से परेशान ग्रामीण मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे। ग्रामीणों ने एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन देकर सड़क किनारे बने नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

> **मानपुर बल्ला में ग्रामीण परेशान, अतिक्रमण हटाने की मांग**



ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों और प्रॉपर्टी डीलरों ने नाले पर कब्जा कर पानी निकासी बंद कर दी है। इसके चलते गलियों और मुख्य रास्तों में जलभराव हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश तेज होने से पहले समाधान नहीं हुआ तो घरों तक पानी पहुंच सकता है। ग्रामीण पानसिंह बघेल और मातादीन त्यागी ने बताया कि पानी निकासी बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने दो पटवारियों को मौके पर भेजकर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई कर नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

## बिना नंबर दौड़ रहे 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, अब तक 207 पर कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 30 जून।** परिवहन विभाग ने बिना नंबर प्लेट चल रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को आरटीओ टीम ने कैलारस क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर बिना नंबर के तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया।

परिवहन उप निरीक्षक मौसम कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम ने वाहनों की जांच की। इस दौरान पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी मिली। टीम ने वाहनों को जब्त कर लिया। आरटीओ अधिकारियों के अनुसार जिले में अब तक बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर सहित 207 वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। कार्रवाई में परिवहन उप निरीक्षक प्रदीप सिंह रावत, विनय सारस्वत, अनुराग त्रिपाठी, आरएस उपाध्याय, विचित्र सिंह किरार, राकेश बंजारे, अशरफ कुरैशी, दिनेश धाकड़ सहित एसएएफ जवान शामिल रहे।

> **परिवहन विभाग द्वारा कैलारस में चलाया गया अभियान**

## बाल विवाह की सूचना पर पहुंची टीम, झूठी निकली खबर



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 30 जून।** जौरा क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के विवाह की गोपनीय सूचना पर महिला बाल विकास और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन जांच के दौरान ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया।

> **महिला बाल विकास की टीम ने ग्रामीणों से की पूछताछ**

अधिकारियों को सूचना मिली थी कि चंद्रपुरा के पास स्थित मुरहानपुर गांव में नाबालिग का विवाह कराया जा रहा है।

इस पर सीडीपीओ आरती राजपूत, पर्यवेक्षक अंजना शर्मा और सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह कुशवाह टीम के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों से पूछताछ में सामने आया कि गांव में कोई विवाह नहीं हो रहा है।

इसके बाद टीम ने चंद्रपुरा गांव में भी जांच की, लेकिन वहां भी नाबालिग के विवाह की पुष्टि नहीं हुई। टीम ने ग्रामीणों के बयान लेकर मौके पर पंचनामा तैयार किया। सीडीपीओ आरती राजपूत ने बताया कि गोपनीय शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन जांच में सूचना की पुष्टि नहीं हो सकी।

## बानमोर की आवाज बनी विधायक दिनेश गुर्जर की कलम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 जून।** जनसमस्याओं को लेकर मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने रेल मंत्री और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखकर बानमौर क्षेत्र की दो प्रमुख समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की है।

> **रेल ठहराव, धंसी सड़क को लेकर रेल मंत्री, एनएचएआई को लिखा पत्र**

विधायक श्री गुर्जर ने रेल मंत्री को भेजे पत्र में बानमोर रेलवे स्टेशन पर बंद हुए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को फिर शुरू कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां से रोज बड़ी संख्या में छात्र, व्यापारी और कर्मचारी यात्रा करते हैं। ठहराव बंद होने से लोगों को मुरैना और ग्वालियर जाना पड़ रहा है। वहीं एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को पत्र लिखकर ग्वालियर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बानमोर क्षेत्र में धंसी सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। विधायक श्री गुर्जर ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़े इन मुद्दों पर विभाग तत्काल कार्रवाई करे, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

### एक नजर में

#### उसैद रोड पर मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की आशंका

**मुरैना/अंबाह, 30 जून।** थाना महुआ क्षेत्र के उसेद मार्ग पर मंगलवार को अज्ञात युवक का शव मिला है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर पुलिस को शव के हाथ-पैर बंधे मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया हो सकता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए। एसडीओपी रवि भदौरिया ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**मुरैना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत वनखंडी रोड की सिकरवार गली में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात को एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार सिकरवार गली निवासी नरेश सिंह सिकरवार 47 पुत्र सुरेश सिंह सिकरवार सोमवार की रात को जब अपने घर में था, तभी उसने अज्ञात कारणों के चलते छत्त में लगे कुंदे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मंगलवार की सुबह जब परिजन ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

#### खरगपुरा गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मुरैना।** सिहौनिया क्षेत्र के खरगपुरा गांव में सोमवार-मंगलवार की रात को विवाहिता उर्मिला देवी तोमर 48 पत्नी लक्ष्मण सिंह तोमर ने रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन ने जब उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो पुलिस को इत्तिला दी। उर्मिलादेवी ने किन कारणों के चलते फांसी लगाई, यह जांच का विषय बना हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



#### अंबाह में भूमिया रोड पर हुई चोरी का खुलासा, 1 गिरफ्तार

**मुरैना/अंबाह।** कस्बा अंबाह की भूमिया रोड पर विगत 12-13 जून की दरम्यानी रात महिला हरभेजी राठौर पत्नी सतीश राठौर के घर हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने 30 जून को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार पीड़िता की सूचना पर 17 जून को अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था। पड़ताल के दौरान पुलिस ने संदेही जसवंत माहौर पुत्र रामरूप माहौर नि. गोपालपुरा पोरसा को पकड़ा। पूछताछ करने पर जसवंत ने चोरी की घटना को अंजाम दिया जाना कुबूल कर लिया। पुलिस ने जसवंत के कब्जे से सोना-चांदी के जेवरातों समेत डेढ़ लाख रूपये का माल बरामद किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अंबाह निरीक्षक वीरेश कुशवाह और उनकी पुलिस टीम शामिल थी।



#### सात महीने से फरार 5 हजार का इनामी राजकुमार गिरफ्तार

**मुरैना, 30 जून।** रिठौराकलां थाने में दर्ज शराब के अवैध निर्माण के मामले में विगत 7 महीने से आरोपी राजकुमार उर्फ टन्नी गुर्जर फरार चल रहा था। मुरैना पुलिस की ओर से उसके ऊपर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। जबकि इस मामले में शामिल रहे 2 आरोपियों को पूर्व में ही पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। 30 जून को पुलिस ने फरार राजकुमार उर्फ टन्नी को टीकरी गांव के यात्री प्रतीक्षालय के पास से दबोच लिया। शराब निर्माण से जुड़े इस मामले में अब एक आरोपी फरार बना हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई संतोषबाबू गौतम और उनकी टीम शामिल थी।



#### अंबाह के बंधा गांव में विशाल गौशाला का शुभारंभ आज

**मुरैना/अंबाह।** गौ संरक्षण की दिशा में अम्बाह क्षेत्र को बुधवार को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। ग्राम बंधा स्थित श्री हनुमान जी गौशाला समिति, मान्य सिद्ध क्षेत्र में इलाके की सबसे बड़ी गौशाला का भव्य शुभारंभ होगा। गौशाला में निराश्रित, बीमार और घायल गोवंश के लिए बिजली, स्वच्छ पानी, हरा चारा, भूसा, विशाल शेड और सुरक्षित परिसर की व्यवस्था की गई है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने बताया कि गौशाला का उद्देश्य केवल गोवंश को आश्रय देना नहीं बल्कि समाज में गौसेवा और जीव दया की भावना को मजबूत करना है। शुभारंभ समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे। संतोंए जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौशाला का शुभारंभ किया जाएगा।








## नि :शुल्क कैंप आयोजित : हुनर से आत्मनिर्भर बनेगी युवतियां

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 जून।** जिला अग्रवाल संघ महिला मंडल द्वारा युवतियों और बच्चों को हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक माह के निःशुल्क प्रशिक्षण कैंप का समापन पंचायती धर्मशाला में हुआ। कार्यक्रम में सीएसपी दीपाली चंदौलिया ने कहा कि ऐसे कैंप युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

> **अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजन, 250 बच्चों ने सीखे ड्रॉइंग, मेहंदी, डांस के गुर**

कैंप संयोजक जिलाध्यक्ष हेमा अग्रवाल ने बताया कि 1 जून से संचालित इस कैंप में सर्व समाज के 250 बच्चों और युवतियों ने ड्राइंग, पेंटिंगए मेहंदी और नृत्य का प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने कृष्ण भजन और युवतियों ने राजस्थानी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनायक सिंह तोमर ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती, निरंतर सीखने का जज्बा ही सफ्लता की कुंजी है।

महिला थाना प्रभारी नेहा शर्मा ने साइबर सुरक्षा अभियान के तहत महिलाओं को ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी। प्रशिक्षण लेने वाले सभी बच्चों और युवतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुचिता गर्ग, तान्या गर्ग, राजलक्ष्मी राजौरिया, मौसम राजौरिया, मंजू अग्रवाल, चंचल गर्ग, राधा अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, लता बंसल आदि उपस्थित थे। संचालन कामिनी अग्रवाल ने किया।




## बीहड़ में डंप रेत मिट्टी में मिलाया, परिवहन के रास्तों पर खोदे गड्ढे

**मुरैना, 30 जून।** चंबल नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सरायछौला क्षेत्र में चंबल नदी की ओर जाने वाले प्रमुख कच्चे और वैकल्पिक रास्तों को चिन्हित कर उन्हें अवरुद्ध कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने रेत परिवहन में ट्रैक्टर-ट्रॉलीए डंपर और भारी वाहनों की आवाजाही के लिए उपयोग किए जाने वाले रास्तों पर जेसीबी मशीन से गहरे गड्ढे खुदवाकर अवरुद्ध करने की कार्रवाई की। इस दौरान बीहड़ में अवैध रूप से डंप किए गए रेत को मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई सरायछौला थाना प्रभारी एसआई केके सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के 10 और वन विभाग के 7 अधिकारी-कर्मचारियों सहित कुल 17 लोगों की टीम शामिल रही।

## मथुरा से लौटे मेडिकल शॉप संचालक की ट्रेन से कटकर मौत

**नवभारत न्यूज**



**मुरैना, 30 जून।** रेलवे स्टेशन मुरैना पर मंगलवार की सुबह दर्दनाक हादसे में सबलगढ़ के मेडिकल संचालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

> **मंगलवार की सुबह मुरैना स्टेशन पर हुआ हादसा**

हादसा प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो के बीच मेन लाइन पर हुआ। मृतक की पहचान जेब से मिले आधार कार्ड से तरुण कुमार गुप्ता 43 पुत्र हरिओम गुप्ता निवासी पालपुर कॉलोनी सबलगढ़ के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार तरुण कुमार सबलगढ़ में मेडिकल दुकान चलाते थे। वे अपने भाई से मिलने मथुरा गए थे और लौटते समय मुरैना स्टेशन पर हादसा हो गया। जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## आबकारी ठेकेदार के घर फायरिंग करने वाले 3 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 जून।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के जौरीगांव में 29 जून को आबकारी ठेकेदार सुरेश उपाध्याय के घर फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने बताया कि शराब की बिक्री को लेकर 29 जून को जौरीगांव में आबकारी ठेकेदार श्री उपाध्याय के घर बाइक पर सवार होकर आए भानु गुर्जर, ऐंदल गुर्जर, आकाश गुर्जर ने 315 बोर की रायफल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर डाली थी। पुलिस ने निशांत पुत्र मनोज उपाध्याय की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 30 जून को निवी गांव के रास्ते से आरोपी भानु, ऐंदल और आकाश गुर्जर को दबोच लिया।

> **बाइक समेत 7 पेटी देशी शराब, घटना में प्रयुक्त रायफल बरामद**



उनके पास से घटना में प्रयुक्त 315 की रायफल, 7 पेटी देशी शराब और बाइक बरामद कर ली है। कार्रवाई में निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, एसआई गुलाब सिंह, प्र.आर. ऋषिकेश, दुष्यंत शर्मा, उदयवीर, सुनील बंसल, गुल्टूराम, आर. जितेन्द्र, सुनील, संजय, प्रशांत शामिल थे।

## पुलिस विभाग से विदा हुए 5 अधिकारी, सेवाकाल को किया याद



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 जून।** पुलिस विभाग में अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए 5 पुलिस अधिकारियों के सम्मान में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, एएसपी सुरेंद्रपाल सिंह डाबर ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एएसआई रामेश्वर दयाल, कार्यवाहक एएसआई रणवीर सिंह, रामप्रकाश शर्मा, कार्यवाहक प्र.आर. चालक सिकंदर बेग और कार्यवाहक प्र.आरक्षक गीता पाठक को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों ने पुलिस विभाग में अपने अनुभव साझा किए। समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्टाफ और सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।

## फंदे पर झूलता मिला अज्ञात युवक का शव

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 30 जून।** अंबाह क्षेत्र में मिढ़ेला रोड स्थित नई तहसील के पास मंगलवार सुबह पेड़ से अज्ञात युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे बकरी चराने गए लोगों ने पेड़ पर शव देखा और इसकी सूचना खेत मालिक छोटई शर्मा को दी। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। अम्बाह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों से गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटाकर मामले की जांच में जुटी है।


**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक-1971...मुरैना

दिनांक-25/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भूखण्ड क्रं. एलआईजी 635 जौरा खुर्द मुरैना जो कि श्री सिद्धार्थ एवं सुमित पुत्रगण श्री राजीव अग्रवाल के नाम से इंद्राज है। इनके उक्त भवन को श्रीमती राधा अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल के अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**

**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक-1972...मुरैना

दिनांक-25/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एमआईजी द्वितीय-1197 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्री प्रमोद गुप्ता पुत्र श्री मदनलाल गुप्ता एवं श्रीमती बबिता गुप्ता पत्नी श्री प्रमोद गुप्ता को आवंटित किया गया था, इनके द्वारा उक्त भवन क्रं. एमआईजी द्वितीय-1197 श्रीमती कमलेश परमार पत्नी श्री शिवनरेश परमार के नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**


## कत्ल की कोशिश के दो मामलों में फरार मुकेश गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 जून।** स्टेशन रोड एवं सिटी कोतवाली थाने में हत्या के प्रयास की धाराओं में पंजीबद्ध दो अलग-अलग प्रकरणों में बीते 3 साल से आरोपी मुकेश पुत्र मातादीन रजक निवासी खेड़ा मेवदा हाल बगियापुरा सुमावली फरार बना हुआ था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। 30 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्वालियर में यूनिवर्सिटी रोड से आरोपी मुकेश रजक को गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास से घटनाओं में प्रयुक्त 315 बोर कट्टा, एक जिंदा राउण्ड के साथ बरामद हुआ है। कार्रवाई में थाना प्रभारी स्टेशन रोड एसआई संजय बरैया और उनकी टीम शामिल थी।